...EDUCATION NATIONAL NEWS PITHORAGARH UNCATEGORIZED UTTARAKHAND प्रशासन

पिथौरागढ़ : संत नारायण स्वामी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायण नगर में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

By nainitalnewsline.in

JUL 24, 2025

पिथौरागढ़ :::- संत नारायण स्वामी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायण नगर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 17 जुलाई से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी विद्यार्थी जिन्होंने समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराया है, उन्हें सूचित किया जाता है कि वे शीघ्रातिशीघ्र महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें। महाविद्यालय में आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रयोगशालाएँ (लेबोरेट्रीज़), विषय-विशेषज्ञ एवं अनुभवी प्राध्यापकों की टीम, पुस्तकालय, ई-लर्निंग की व्यवस्था तथा एक शिक्षोपयोगी वातावरण उपलब्ध है। यहाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर गुणवत्ता की ओर अग्रसर है और छात्रों को एक उज्ज्वल भविष्य प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। समय पर प्रवेश लेकर आप इस उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान का हिस्सा बन सकते हैं। प्रवेश से संबंधित दिशा-निर्देश महाविद्यालय की सूचना पट एवं वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।